Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 28-11-2006

Participants : Kumar Shri Shailendra

an>

Title: Need to arrange blankets for landless labourers and poor people to protect them from cold.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। वैसे तो नंबर एक पर प्रभुनाथ सिंह जी का नाम था और उनके बाद मेरा नाम था, तो मैंने सोचा कि शायद मैं नंबर दो पर बोलूंगा।

उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में ठंड का प्रकोप बढ़ रहा है। ज्यादातर जो हमारे गरीब हैं, खासकर जो खेतिहर मजदूर हैं जिनको गांवों में रोज़गार नहीं मिल पाता है, वे शहरों की तरफ पलायन करके जब जाते हैं तो उनके रहने के लिए कोई विश्रामशालाएं नहीं हैं जहां पर वे विश्राम कर सकें। मैं गुज़ारिश करूंगा कि केन्द्र सरकार सब राज्यों में इसकी अलग से व्यवस्था करे ताकि जो गरीब मज़दूर हैं जिनके पास पहनने के लिए कपड़े नहीं हैं, ओढ़ने के लिए रजाइयां नहीं हैं, कंबल नहीं हैं, जिसके कारण ठंड के प्रकोप से उनकी मौतें होती हैं, वे न हों।